डॉ. अंबेडकर का सम्मान करने पर आचार्य प्रशांत को मिली मौत की धमकी

14 Apr 2026 6:35 PM

प्रसिद्ध दार्शनिक एवं लेखक आचार्य प्रशांत को एक बार फिर हत्या की धमकी मिली है। यह धमकी उन्हें डॉ. भीमराव अंबेडकर के सम्मान में दिए गए वक्तव्य के बाद एक यूट्यूब अकाउंट के माध्यम से दी गई है।

नई दिल्ली, 14 अप्रैल (आईएएनएस)। प्रसिद्ध दार्शनिक एवं लेखक आचार्य प्रशांत को एक बार फिर हत्या की धमकी मिली है। यह धमकी उन्हें डॉ. भीमराव अंबेडकर के सम्मान में दिए गए वक्तव्य के बाद एक यूट्यूब अकाउंट के माध्यम से दी गई है।

इस संबंध में प्रशांतअद्वैत फाउंडेशन ने औपचारिक शिकायत दर्ज कराने की प्रक्रिया आरंभ कर दी है।

आईआईटी दिल्ली एवं आईआईएम अहमदाबाद से शिक्षित आचार्य प्रशांत एक शिक्षक एवं लेखक हैं, जिनका कार्य आत्म-अन्वेषण तथा उसके समकालीन जीवन में अनुप्रयोग पर केंद्रित है। वे अपने स्पष्टवादी विचारों के लिए जाने जाते हैं।

यह कोई पहली घटना नहीं है। बीते वर्षों में भी आचार्य प्रशांत को विभिन्न सोशल मीडिया माध्यमों से कई बार जान से मारने की धमकियां मिल चुकी हैं। फाउंडेशन के प्रवक्ता ने बताया कि जब वे स्त्रियों के समर्थन में बोलते हैं, तो एक सम्प्रदाय की ओर से धमकियां आती हैं, जब वे अंधविश्वास के विरुद्ध बोलते हैं, तो जनसंख्या का दूसरा वर्ग आक्रमण करता है और जब वे आतंकवाद के विरुद्ध बोलते हैं, तो किसी अन्य दिशा से धमकियां आरंभ हो जाती हैं। यह इसलिए और भी विचारणीय है क्योंकि वे किसी भी समूह, सम्प्रदाय या राजनीतिक विचारधारा से संबद्ध नहीं हैं, फिर भी विभिन्न धर्मों के कट्टरपंथी उनके विरोध में खड़े दिखाई देते हैं।

चिंता का विषय यह भी है कि विगत कई वर्षों से अनेक सोशल मीडिया हैंडल्स द्वारा आचार्य प्रशांत के विरुद्ध संगठित दुष्प्रचार चलाया जा रहा है। उनके वक्तव्यों को संदर्भ से काटकर, तोड़-मरोड़ कर प्रस्तुत किया जाता है, जिससे भ्रम और विद्वेष फैले तथा लोगों को भड़काया जा सके। इसी का परिणाम इस प्रकार की हिंसक धमकियों के रूप में सामने आ रहा है।

उल्लेखनीय है कि इन सबके बावजूद आचार्य प्रशांत को किसी भी प्रकार की राज्य अथवा पुलिस सुरक्षा प्राप्त नहीं है।

अस्वीकरण: यह न्यूज़ ऑटो फ़ीड्स द्वारा स्वतः प्रकाशित हुई खबर है। इस न्यूज़ में BhaskarHindi.com टीम के द्वारा किसी भी तरह का कोई बदलाव या परिवर्तन (एडिटिंग) नहीं किया गया है| इस न्यूज की एवं न्यूज में उपयोग में ली गई सामग्रियों की सम्पूर्ण जवाबदारी केवल और केवल न्यूज़ एजेंसी की है एवं इस न्यूज में दी गई जानकारी का उपयोग करने से पहले संबंधित क्षेत्र के विशेषज्ञों (वकील / इंजीनियर / ज्योतिष / वास्तुशास्त्री / डॉक्टर / न्यूज़ एजेंसी / अन्य विषय एक्सपर्ट) की सलाह जरूर लें। अतः संबंधित खबर एवं उपयोग में लिए गए टेक्स्ट मैटर, फोटो, विडियो एवं ऑडिओ को लेकर BhaskarHindi.com न्यूज पोर्टल की कोई भी जिम्मेदारी नहीं है|

Tags

राष्ट्रीय

WhatsApp